# जेलों में बंदियों के व्यवहार परिवर्तन पर जोर, भोपाल में बनेगा काउंसलिंग सेंटर

**मानसिक स्वास्थ्य और सुधार के लिए जेल विभाग ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय से किया एमओयू**



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश की जेलों में बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन के लिए जेल विभाग नई पहल करने जा रहा है।

इसके तहत केंद्रीय जेल भोपाल में प्रदेश का पहला साइको सोशल काउंसलिंग सेंटर स्थापित किया जाएगा। इसके अनुभव और परिणामों के आधार पर इस व्यवस्था को अन्य जेलों में भी चरणबद्ध रूप से लागू किया जाएगा। इस संबंध में जेल विभाग और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गांधीनगर गुजरात के बीच साइको सोशल काउंसलिंग के क्षेत्र में सहयोग के लिए ज्ञापन समझौता किया गया है। जेल महानिदेशक डॉ. वरुण कपूर की पहल पर हुए इस एमओयू का उद्देश्य मानसिक रूप से बीमार और तनावग्रस्त बंदियों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना है।

जेल महानिदेशक ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय की साइको सोशल काउंसलिंग योजना का अध्ययन करने के बाद विशेषज्ञों को भोपाल बुलाकर सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराया था। इसमें प्रदेश की विभिन्न जेलों के 28 अधिकारी-कर्मचारियों को तनावग्रस्त बंदियों की पहचान और काउंसलिंग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षित अधिकारियों और कर्मचारियों ने जेलों में जाकर बंदियों की काउंसलिंग की, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए। इसके बाद इस व्यवस्था को संस्थागत स्वरूप देने के लिए एमओयू किया गया।

एमओयू के तहत चयनित अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गांधीनगर में मास्टर ट्रेनर कोर्स कराया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद वे जेल विभाग में अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को साइको सोशल काउंसलिंग का प्रशिक्षण देंगे। इस पहल का उद्देश्य बंदियों को केवल कारावास तक सीमित न रखकर उनके जीवन में सुधार लाने के लिए मानसिक और सामाजिक सहयोग उपलब्ध कराना है।


# अधिकारियों से अभद्रता के विरोध में राज्य शिक्षा केंद्र के बाहर प्रदर्शन




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** स्कूल शिक्षा विभाग आयुक्त लोक शिक्षण कार्यालय में गुरुवार को कुछ बाहरी लोगों द्वारा आयुक्त और अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ अभद्रता किए जाने के विरोध में शुक्रवार को राज्य शिक्षा केंद्र के बाहर प्रदर्शन किया गया।

दोपहर 12 बजे अरेरा हिल्स स्थित राज्य शिक्षा केंद्र पुस्तक भवन के सामने मध्यप्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर और शासकीय लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अमर सिंह राजपूत के नेतृत्व में कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने नारेबाजी कर स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की सुरक्षा की मांग की। प्रदर्शन में राज्य शिक्षा केंद्र के कर्मचारियों ने घटना पर नाराजगी जताई। इस दौरान स्मृति मालवीय, प्रमोद खरे, प्रवीण श्रीवास्तव, अखिलेंद्र परिहार, राकेश वर्मा, ज्योति विजयवर्गीय, राजकुमार साकल्ले मौजूद रहे।

# मंत्री कुशवाह ने कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर कई समस्याओं का तत्काल समाधान कराया। जिन मामलों में प्रक्रिया आवश्यक थी, उन्हें संबंधित विभागों को शीघ्र निराकरण के लिए भेजा गया।

# मुख्यमंत्री ईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरम में बताएंगे मध्यप्रदेश की विकास संभावनाएं

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नई दिल्ली में आयोजित ईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरम 2026 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश के विकास, निवेश अवसरों और औद्योगिक संभावनाओं पर संवाद करेंगे। 21 और 22 अगस्त को आयोजित इस प्रतिष्ठित मंच पर देश-विदेश के उद्योगपति, नीति निर्माता और विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। फोरम के दूसरे दिन 22 अगस्त को 'एमपी : अनलॉकिंग द हार्ट ऑफ इंडिया' विषय पर विशेष चर्चा होगी। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश की आर्थिक एवं औद्योगिक विकास यात्रा, निवेश की संभावनाओं और राज्य को प्रमुख विकास केंद्र बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देंगे।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के टेक्सटाइल क्षेत्र पर भी विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। 'भविष्य की बुनाई : मध्यप्रदेश में एकीकृत टेक्सटाइल मूल्य श्रृंखला का निर्माण' विषय पर होने वाले सत्र में उद्योग विस्तार और निवेश के अवसरों पर चर्चा होगी। ईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वैश्विक पूंजी, ऊर्जा परिवर्तन, व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला और अंतरराष्ट्रीय निवेश जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। यह मंच मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमता और निवेश संभावनाओं को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर होगा।

# लोक शिक्षण आयुक्त कार्यालय की बढ़ी सुरक्षा, कर्मचारी रहे दो घंटे परेशान

**सुरक्षा एजेंसी के कर्मचारी तैनात, नियुक्ति नियमों पर अभ्यर्थियों से संवाद जारी- आयुक्त**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा 2025 के चयनित अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के बाद लोक शिक्षण आयुक्त कार्यालय में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। शुक्रवार को आयुक्त अभिषेक सिंह के कक्ष के बाहर चार सुरक्षा कर्मचारी तैनात रहे।

कर्मचारियों के बाउंसर जैसी वेशभूषा में दिखने पर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि वे बाउंसर नहीं, बल्कि सुरक्षा एजेंसी के कर्मचारी हैं। उन्होंने बताया कि कर्मचारी फिलहाल अपनी यूनिफॉर्म में नहीं हैं, यूनिफॉर्म आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। गुरुवार को प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों का एक समूह आयुक्त कार्यालय में पहुंचकर कक्ष में प्रवेश कर गया था और नारेबाजी की थी। इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं कराने को लेकर आयुक्त ने कहा कि अभ्यर्थी कुछ उग्र जरूर थे, लेकिन ऐसी स्थिति नहीं बनी कि एफआईआर दर्ज की जाए। उन्होंने कहा कि नियुक्ति नियमों को लेकर अभ्यर्थियों से संवाद जारी है और न्यायालय के निर्णय के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घटना के विरोध में शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने शुक्रवार को दो घंटे पेन डाउन रखा। इस दौरान आयुक्त कार्यालय में कामकाज प्रभावित रहा। राज्य शिक्षा केंद्र के कर्मचारियों ने भी प्रदर्शन कर घटना पर नाराजगी जताई और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। उधर, प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा 2025 के चयनित अभ्यर्थियों का नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर नीलम पार्क में प्रदर्शन जारी है। अभ्यर्थी पदों की संख्या बढ़ाने और नियुक्ति देने की मांग कर रहे हैं।

शुक्रवार को सचिव स्कूल शिक्षा विभाग डॉ. संजय गोयल लोक शिक्षण आयुक्त कार्यालय पहुंचे। उन्होंने गुरुवार की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कर्मचारियों और अधिकारियों से छात्र हित में काम जारी रखने का आग्रह किया।

# स्थानीय संसाधनों और हुनर से रोजगार के अवसर बढ़ाने पर मुख्यमंत्री का जोर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए जिले के स्थानीय संसाधनों, पारंपरिक कौशल और नवाचारों का प्रभावी उपयोग किया जाना चाहिए। वे शुक्रवार को टीकमगढ़ में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय उत्पादों और पारंपरिक हुनर को प्रधानमंत्री के 'वोकल फॉर लोकल' अभियान के अनुरूप राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए रोडमैप तैयार किया जाए। उन्होंने पीतल की मूर्तियों सहित स्थानीय कला और शिल्प को बढ़ावा देने, बाजार उपलब्ध कराने और कलाकारों को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उद्योग, व्यापार, कृषि और पशुपालन जैसे क्षेत्रों में स्थानीय संभावनाओं को रोजगार के अवसरों में बदला जाए। उद्यमियों को नई उद्योग नीतियों और ऋण योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने पशुपालन को लाभ का व्यवसाय बनाने, दुग्ध उत्पादकों को सहकारी क्षेत्र से जोड़ने और गौशालाओं में अच्छी नस्ल के पशुओं के संवर्धन के निर्देश दिए। बैठक में टीकमगढ़ के धार्मिक पर्यटन, कुंडेश्वर धाम विकास और जिले की दीर्घकालीन विकास योजना पर भी चर्चा हुई।

# अपेक्स बैंक ने अर्जित किया 120 करोड़ का शुद्ध लाभ

**बैंक ने किसानों को सहकारी योजनाओं से जोड़ने और डिजिटल सुविधाएं बढ़ाने पर दिया जोर**



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अपेक्स बैंक के टीटी नगर स्थित सुभाष यादव भवन में 62वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया।

सभा की अध्यक्षता अपेक्स बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने की। उन्होंने कहा कि बैंक लगातार व्यावसायिक क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और सहकारी क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने में सफल हुआ है। श्री यादव ने बताया कि प्रदेश में कृषक कल्याण वर्ष के तहत किसानों को सहकारी समितियों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। अब तक प्रदेश के 10 संभागों और 27 जिलों का दौरा कर लगभग 3 लाख 35 हजार नए सदस्यों को पैक्स से जोड़ने का प्रयास किया गया है। नए सदस्य किसान एक वर्ष के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज पर 3 लाख रुपये तक का ऋण प्राप्त कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि सहकारिता के माध्यम से इस वर्ष किसानों को 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक का फसल ऋण शून्य प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। नवीन सदस्यता अभियान के तहत गैर सदस्य किसानों को पैक्स से जोड़कर नवीन केसीसी जारी किए जाएंगे। श्री यादव ने बताया कि केसीसी जारी करने के लिए जल्द पोर्टल तैयार किया जाएगा। मध्यप्रदेश की सभी 4526 पैक्स समितियों का कंप्यूटरीकरण पूरा हो चुका है और किसानों को जल्द ऑनलाइन पासबुक प्रिंटिंग की सुविधा मिलेगी। इस वर्ष प्रदेश में लगभग एक लाख पौधे लगाने का कार्य भी किया गया है।

प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने वित्तीय वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि अपेक्स बैंक ने इस वर्ष 120 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है। सभा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर करुणेंद्र सिंह, एस.सी. साहू, एच.एस. बाघेला, श्रीमती अरुणा दुबे, अरुण मिश्र, अरविन्द बौद्ध, महेंद्र दीक्षित, रितुराज रंजन, आर.एस. विश्वकर्मा, आशीष राजोरिया, विवेक मलिक, करूण यादव, समीर सक्सेना सहित प्रदेश के जिला सहकारी बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे।

# गौशालाओं को मिले 109.79 करोड़ रुपये



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार गौवंश संरक्षण, संवर्धन और बेहतर व्यवस्थापन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत उन्होंने प्रदेश की गौशालाओं को 109.79 करोड़ रुपये की अनुदान राशि सिंगल क्लिक डीबीटी के माध्यम से वितरित की। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश की 3,212 पंजीकृत गौशालाओं में 5.20 लाख से अधिक गौवंश के भरण-पोषण के लिए नियमित सहायता दी जा रही है। गौशालाओं को मिलने वाले अनुदान को बढ़ाकर 40 रुपये प्रति गौवंश प्रतिदिन किया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार गौशालाओं के बेहतर संचालन, पशुओं की देखभाल और नस्ल सुधार के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में गौवंश वध पर पूर्ण प्रतिबंध है और अवैध परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने गौवंश संरक्षण में समाज की सहभागिता को भी आवश्यक बताया।

# स्वामी चिन्मयानंद का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगाः डॉ. यादव



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वामी चिन्मयानंदजी महान संत, विचारक और आध्यात्मिक विभूति थे। भारतीय संस्कृति और श्रीमद्भगवद्गीता के प्रचार-प्रसार के साथ समाज एवं युवाओं के नैतिक विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को चिन्मय अमृत यात्रा के भोपाल से प्रस्थान अवसर पर कहा कि स्वामी चिन्मयानंद मिशन द्वारा शिक्षा, सामाजिक सेवा और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने मिशन के प्रयासों की सराहना करते हुए स्वामीजी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चिन्मय अमृत वाहिनी द्वारा निकाली जा रही यात्रा वाहन को मुख्यमंत्री निवास से केसरिया झंडी दिखाकर झांसी के लिए रवाना किया। यह यात्रा छत्तीसगढ़ से निकलकर मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों से होते हुए भोपाल पहुंची थी। इस अवसर पर स्वामी मित्रानंद सरस्वती सहित मिशन के अनुयायी उपस्थित रहे।

# मप्र की कृषि उपज मंडियों का 10 साल बाद नवीन वर्गीकरण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों का 10 वर्ष बाद नवीन वर्गीकरण किया है। यह वर्गीकरण पिछले तीन वित्तीय वर्षों 2023-24, 2024-25 और 2025-26 की औसत कृषि उपज आवक एवं आय के आधार पर किया गया है।

प्रदेश में वर्तमान में 259 कृषि उपज मंडी समितियां और 298 उपमंडियां संचालित हैं। नवीन वर्गीकरण के तहत मंडियों को चार श्रेणियों में बांटा गया है। इसमें 47 मंडियां 'ए' वर्ग, 63 मंडियां 'बी' वर्ग, 81 मंडियां 'सी' वर्ग और 68 मंडियां 'डी' वर्ग में रखी गई हैं।

नए वर्गीकरण से मंडी समितियों की प्रशासनिक और वित्तीय व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी। मंडियों को उनकी श्रेणी के अनुसार अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करने और किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का अवसर मिलेगा।

नवीन व्यवस्था से मंडी प्रांगणों में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा कृषि उपज के विपणन की प्रक्रिया आसान होगी। इसका लाभ किसानों, व्यापारियों, हम्मालों और मंडी से जुड़े अन्य लोगों को मिलेगा।

नवीन वर्गीकरण आदेश 19 अगस्त 2026 से प्रभावी किया गया है। इस प्रक्रिया में 54 मंडियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए उच्च श्रेणी में स्थान प्राप्त किया है।

## मुख्यमंत्री से रापुसे अधिकारियों ने की मुलाकात

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर भापुसे में पदोन्नति से जुड़ी लंबित प्रक्रिया के संबंध में चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य पुलिस सेवा अधिकारियों के लिए नॉन कैडर पदों पर नियुक्ति, प्रतिनियुक्ति के अवसर और एक बार की छूट देने जैसे सुझाव मुख्यमंत्री के सामने रखे। डॉ. यादव ने सुझावों के परीक्षण के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रदेश में राज्य पुलिस सेवा की 1269 पदों की कैडर क्षमता है।

## अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस हमें वरिष्ठजन के प्रति अपने दायित्वों का कराता है बोध : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस हमें अपने वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य , सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति सामाजिक दायित्वों का बोध कराता है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि परिवार, समाज और देश के विकास में वरिष्ठ नागरिकों के दीर्घ अनुभवों और अमूल्य योगदान से भावी पीढ़ियों को मार्गदर्शन प्राप्त होता है।

**नियुक्ति** *भाजपा युवा मोर्चा ने 12 जिलों में घोषित किए जिलाध्यक्ष...*

# भोपाल ग्रामीण में वीरेंद्र व ग्वालियर ग्रामीण में शिवराज को जिम्मेदारी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश में युवा मोर्चा संगठन को विस्तार देते हुए 12 जिलों में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है। इसके साथ ही नौ जिलों में जिला महामंत्रियों की भी घोषणा की गई है।

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने गुरुवार रात को नई नियुक्तियों की घोषणा की। ग्वालियर ग्रामीण में शिवराज यादव को जिलाध्यक्ष और मनोज गुर्जर को जिला महामंत्री बनाया गया है। मऊगंज में प्रवीण सिंह को जिलाध्यक्ष तथा विवेक तिवारी को महामंत्री। सतना में यश यादव जिलाध्यक्ष और शुभम परिहार जिला महामंत्री बनाए गए हैं। कटनी में पारस जैन को जिलाध्यक्ष तथा देवांश श्रीवास्तव को महामंत्री पांढुर्णा जिले में विवेक रामचाकले को जिलाध्यक्ष और पंकज बंजारी को महामंत्री तथा भोपाल ग्रामीण में वीरेंद्र सिंह राजपूत को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं धार ग्रामीण में उज्ज्वल सोलंकी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इन दोनों जिलों में जिला महामंत्री के नाम की घोषणा नहीं की गई है। बुरहानपुर में भरत रावल को जिलाध्यक्ष और अमित वास्कले को जिला महामंत्री देवास में रजत पाल सिंह को जिलाध्यक्ष तथा मोहित जाट को महामंत्री विदिशा में अनुज मित्तल जिलाध्यक्ष और शिवेंद्र सिंह राजपूत जिला महामंत्री, उज्जैन ग्रामीण में हरजीत सिंह को जिलाध्यक्ष और राहुल धाकड़ को महामंत्री शाजापुर में हर्षवर्धन मंडलोई को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यहां भी जिला महामंत्री की घोषणा नहीं की गई है।

इसके अलावा भाजपा महिला मोर्चा ने भी संगठनात्मक नियुक्तियां की हैं। प्रदेश अध्यक्ष अर्चना परांजपे राजगढ़े की ओर से जारी सूची में 15 संभागीय प्रभारियों को जिम्मेदारी दी गई है। चंबल संभाग की प्रभारी ज्योति तोमर, ग्वालियर की क्रांति जोशी, सागर की शालिनी खरबानी, रीवा की आशा गुप्ता, शहडोल की डॉ. स्वप्ना वर्मा और जबलपुर की डॉ. सारिका उपाध्याय को संभागीय प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा छिंदवाड़ा की सीमा सिंह यादव, नर्मदापुरम की ज्योति दुबे, भोपाल की ममता गुप्ता, इंदौर की वंदना भोंडे, निमाड़ की माया पटेल, उज्जैन की चारुलता यादव और मंदसौर की मोना सुरतानी को जिम्मेदारी दी गई है। भोपाल मुख्यालय प्रभारी का दायित्व ज्योति सिंह राजपूत को तथा सह प्रभारी की जिम्मेदारी ममता मालवीय को सौंपी गई है।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com